**कार्यालय लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश**
**संख्या– 334/02/डी.आर./एस–11/2014–15 टी.सी.**
**प्रयागराजः दिनांकः 09 जनवरी, 2020**

## विज्ञप्ति

यूनानी चिकित्साधिकारी (स्क्रीनिंग) परीक्षा–2016 के आयोजन के सम्बन्ध में आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के क्रम में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यूनानी चिकित्साधिकारी के 58 पदों (विज्ञापन संख्या–03/2016–17, विभाग संख्या–एस–11/21) हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा दिनांक 22.01.2020 को लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, कैम्प कार्यालय, सेक्टर–''डी'' अलीगंज, **लखनऊ** के परीक्षा भवन के केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी ।

### परीक्षा कार्यक्रम

### परीक्षा की तिथि 22.01.2020 (बुधवार)

| | |
|---|---|
| **यूनानी चिकित्साधिकारी–** | **पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक ।** |

प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट http: // uppsc. up.nic.in पर उपलब्ध है । अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नंम्बर एवं जन्मतिथि के आधार पर प्रवेश पत्र तथा अनुदेश डाउनलोड कर प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंगे । अभ्यर्थीगण अपने साथ अपने दो फोटो एवं आई.डी. प्रूफ की मूल एवं छाया प्रति साथ लाये ।

विज्ञापन की शर्तानुसार प्रश्नगत पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन के समस्त चरणों की प्रक्रिया निर्धारित अवधि के भीतर पूर्ण कर ऑनलाइन आवेदन के प्रिंट आउट के साथ शैक्षिक अभिलेखादि उपलब्ध कराने वाले समस्त अभ्यर्थियों को उनके दावे के आधार पर पूर्णतया औपबन्धिक रूप से स्क्रीनिंग परीक्षा हेतु प्रवेश दिया गया है । अभ्यर्थी पूर्णतया आश्वस्त होने के पश्चात् कि वे आवेदन की अन्तिम तिथि 07.12.2016 तक पद हेतु सभी अर्हता धारित करते है, तभी परीक्षा में सम्मिलित हों । यदि किसी समय अथवा किसी स्तर पर यह पाये जाने पर कि अभ्यर्थी विज्ञापन में प्रकाशित अर्हता धारित नहीं करता है तो उसका अभ्यर्थन आयोग द्वारा निरस्त कर दिया जाएगा ।

सचिव ।